नमूने का प्रश्न पत्र

समय: 3 घंटे 15 मिनट | कुल अंक : 100

सूचनाएं: 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है |

2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है |

अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में किन्ही 6 प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(6 X 1 = 6)**

1) ठाकुर साहब के बड़े बेटे का नाम क्या था ?
2) आनंदी के पिता का नाम लिखिए ।
3) स्वामी विवेकानंद का विश्वास किन पर है?
4) कुछ लोग आदतन क्या बोलते हैं?
5) महादेवी वर्मा को किस की पत्तियां चुभ रही थी ?
6) पंडिताइन चाची के अलंकार उन्हें किस की समानता दे देते थे ?
7) मूकनायक पत्रिका के संपादक कौन थे ?
8) क्या बाईपास सर्जरी भारत में संभव है?
9) कालिदास ने हिमालय को क्या कहा है?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 3 प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(3 X 3 = 9)**

10) बेनी माधव सिंह के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए

अथवा

आनंदी बिगड़ता हुआ काम कैसे बना लेती है ?

11) त्याग और सेवा के बारे में स्वामी विवेकानंद जी के क्या विचार है?

12) निंदा रस की महिमा का वर्णन कीजिए ।

13) महादेवी वर्मा के कभी-कभी छत पर जाकर देखने पर बिंदा क्या-क्या करते दिखाई देती थी?

अथवा

बिंदा अपनी नई अम्मा से किस प्रकार डरती थी?

14) दिल का दौरा और एनजाइना किन कारणों से होता है ?

II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहें ? <u>**किन्ही 4**</u> **(4 X 1 = 4)**

15) “भैया, अब कभी मत कहना कि तुम्हारा मुंह न देखूंगा |”

16) “बुद्धिमान लोग मूर्खों की बातों पर ध्यान नहीं देते |”

17) "क्या पंडिताइन चाची तुम्हारी तरह नहीं है ?"

18) “वह रही मेरी अम्मा |”

19) “अरे बिच्छू बिच्छू!”

20) “ कहिए , दिल जम गया या बच गया |”

आ) निम्नलिखित में से <u>**किन्ही 2**</u> का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : **(2 X 3 = 6)**

21) तेरी गालियां सह लेती है, मार भी सह लेती है, पर मायके की निंदा उनसे नहीं सही जाति ।

22) अभी सुबह की गाड़ी से उतरा एकदम तुमसे मिलने चला आया।

23) पंडिताइन चाची के न्याय निधान में न क्षमा का स्थान था, न अपील का अधिकार।

24) ऐसे प्रदेश में पहुंचकर कभी भी कभी और दार्शनिक भी दार्शनिक बन जाता है

अथवा

वह आकर्षण है.... सरल भक्ति का, प्रकृति के वैभव का ।

III. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में <u>**किन्ही 6**</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(6 X 1 = 6)**

25) कस्तूरी कहां बस्ती है?

26) किसको पास रखना चाहिए?

27) तुलसीदास किस पर विश्वास करते हैं?

28) मीराबाई ने किसके लिए सारा जग छोड़ा?

29) सीता जी कुटिया को क्या समझती है?

30) वधू बनकर कौन आई है?

31) नारी के माथे से क्या टपक रहा था?

32) कवियत्री को प्रेम का क्या दिखाई देता है?

33) बच्चन जी ने किस प्रकार के गीत बनाए हैं?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्ही 2</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2 X 3 = 6)**

34) तुलसीदास के अनुसार संत के स्वभाव का वर्णन कीजिए ।

35) मीराबाई ने जीवन की नश्वरता के संबंध में क्या कहा है?

36) सीता जी कुटिया में कैसे सुखी है?

37) किन परिस्थितियों में नारी पत्थर तोड़ रही थी?

38) बच्चन जी की कविता का मूल भाव लिखिए ।

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : **(2 X 4 = 8)**

39) माटी कहे कुम्हार से, तु क्या रौंदे मोय ।
इक दिन ऐसो होएगो, मैं रौदुगी तोय ।।

अथवा

तुलसी काया खेत है, मनसा भयौ किसान ।
पाप पुण्य दोउ बीज है, बुवै सौ लुनै निदान

40) कहता है कौन की भाग्य ठगा है मेरा?
वह सुना हुआ भय दूर भगा है मेरा ।
कुछ करने में अब हाथ लगा है मेरा,
मन में ही तो गार्हस्थ्य जगा है मेरा ।

अथवा

चढ़ रही थी धूप
गर्मियों के दिन
दीवा का तमतमता रूप ।
उठी झुलसाती हुई लूं

IV. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में <u>किन्ही 6</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(6 X 1 = 6)**

41) बालक का नाम क्या है?

42) गंदी कोठरी में बालक को खाने के लिए क्या मिला?

43) सिली जगह में सोते हुए बालक ने क्या ओढ़ लिया?

44) शमशान किससे बात कर रहा है?

45) युवक की पहली पत्नी का नाम लिखिए ।

46) घर का पुराना नौकर कौन था?

47) लड़की की पढ़ाई कहां तक हुई थी? ?

48) एक चम्मच की कीमत कितनी मानी गई?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्ही 3</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए :   **(3 X 3 = 9)**

49) शराबी को बच्चा कहां मिला ? वह उसे अपने साथ क्यों लाया ?

अथवा

मधुवा पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए ।

50) मनुष्य के प्रेम के बारे में शमशान के विचार प्रकट कीजिए ।

अथवा

युवक अपनी तीसरी पत्नी की मृत्यु के उसे सबसे अधिक   गुणवती क्यों समझता है?

51) वीर जी के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

अथवा

चम्मच खो जाने पर वीर जी की क्या प्रतिक्रिया हुई ?

V. अ)   वाक्य शुद्ध कीजिए : **(5 X 1 = 5)**

52)   i) निंदा का ऐसी महिमा है।

ii) मैंने को जाना है ।

iii) कई विद्यालय खुला ।

iv) आप जरूर आओ ।

v) रोहन ने रोटी खाया ।

आ) कोष्टक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए :   **(5 X 1 = 5)**

(का , में , के, पर ,की)

53)   i) उसके सीने .... दर्द उठने लगता है ।

ii) इसके साथ ही जोरो....... पसीना छूटने लगता है ।

iii) मितली....... शिकायत भी हो सकती है ।

iv) पास......... डॉक्टर को बुला भेजें ।

v) किताब को मैच...... रख दो।

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : **(4x 1=4)**

54) i) जी चुराना — निर्दोष पर दोष लगाना

ii) चांद पर थूकना — इज्जत बढ़ाने वाला

iii) घर का उजाला — हार कर भाग जाना

iv) पीठ दिखाना — मेहनत से बचना

ई) निम्नलिखित वाक्यों को सूचना अनुसार बदलिए **(3x1= 3)**

55) i) हम प्रतिदिन सवेरे 3:00 बजे उठते थे । (वर्तमान काल में बदलिए)

ii) अधिकांश यात्री पैदल चलते हैं । (भविष्यत काल में बदलिए)

iii) बद्रीनाथ हमें पुकार रहे हैं । (भूतकाल में बदलिए है)

उ) अन्य लिंग रूप लिखिए (<u>किन्ही 2</u>) **(1x2=2)**

56) i) बेटी

ii) भाई

iii) मजदूर

ऊ) अन्य वचन रूप लिखिए (<u>किन्ही 2</u>) **1x2=2)**

57) i) आंखें

ii) थाली

iii) घर

ए) समानार्थक शब्द लिखिए (<u>किन्ही 2</u>) **(1x2=2)**

58) i) नवीन

ii) अधिक

iii) जंगल

ऐ) विलोम शब्द लिखिए (<u>किन्ही 2</u>) **(1x2=2)**

59) i) आगे

ii) सुंदर

iii) पवित्र

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(5x1=5)**

60) १७वर्ष की आयु में भीमराव का विद्यार्थी जीवन में ही ९ वर्ष की रमाबाई के साथ विवाह हो गया । अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए भीमराव मुंबई के एलफिंस्टन कॉलेज में दाखिल हो गए । उस समय एक अछूत के लिए यह बहुत अनोखी बात थी । मगर रामजी सूबेदार भीमराव को और पढ़ाने में कठिनाई महसूस करने लगे, तो केलुसकर गुरुजी भीमराव को बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव गायकवाड जी के पास ले गए। भीमराव ने अपनी विद्वत्ता एवं बुद्धिमत्ता से महाराजा का दिल जीत लिया । महाराजा ने भीमराव की उच्च शिक्षा के लिए रुपीस २५ मासिक छात्रवृत्ति स्वीकृत कर दी । समाज की क्रूर जाति व्यवस्था उन्हें पग पग पर पीड़ा पहुंचाती रही । वे संस्कृत पढ़ना चाहते थे , मगर अछूत होने के कारण उन्हें संस्कृत भाषा नहीं पड़ने दी गई । दृढ़ इच्छाशक्ति के धनी भीमराव ने १९१२ में अंग्रेजी और फारसी विषयों के साथ मुंबई विश्वविद्यालय से बी .ए.की परीक्षा पास की थी। वे बी.ए .की परीक्षा पास करने वाले पहले महार थे ।

प्रश्न : i) भीमराव का विवाह किसके साथ हुआ?

ii) भीमराव मुंबई के किस कॉलेज में दाखिल हो गए?

iii) केलुसकर गुरुजी भीमराव को किस महाराजा के पास ले गए?

iv) महाराजा ने भीमराव की उच्च शिक्षा के लिए कितने रुपयों की छात्रवृत्ति स्वीकृत करदी

v) भीमराव जी ने बी.ए. की परीक्षा किस वर्ष पास की ?

आ) पत्र लेखन : **(1x5=5)**

61) शैक्षणिक यात्रा का वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

अथवा

चार दिन का अवकाश मांगते हुए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए ।

इ) हिंदी में अनुवाद कीजिए : **(किन्ही 5)** **(5x1=5)**

62) i) ಮಿತ್ರರು ಇಲ್ಲದೆ ಯಾರೂ ಸುಖವಾಗಿ ಇರಲಾರರು.

No person is happy without friends.

ii) ಪುಸ್ತಕಗಳು ನಮ್ಮ ಉತ್ತಮ ಮಿತ್ರರು

Books are our best friends

iii) ಪೊಲೀಸರು ಕಳ್ಳನನ್ನು ಹಿಡಿದರು.

The police caught the thief.

iv) ಕೌಟಿಲ್ಯನು ಒಬ್ಬ ನಿಪುಣ ಮಂತ್ರಿಯಾಗಿದ್ದನು.

Kautilya was a wise minister.

v) ಸೂರ್ಯನು ಪಶ್ಚಿಮ ದಿಕ್ಕಿನಲ್ಲಿ ಮುಳುಗುತ್ತಾನೆ.

The sun sets in the West.

vi) ಕನ್ನಡ ನಮ್ಮ ರಾಜ್ಯ ಭಾಷ.

Kannada is our state language..

vii) ಮನಸ್ಸಿದ್ದಲ್ಲಿ ಮಾರ್ಗವಿದೆ.

Where there is a will, there is a way.

viii) ನಾವು ಭಾರತ ದೇಶದ ಪ್ರಜೆಗಳು.

We are citizens of India.